MAHD-08

June - Examination 2016

M.A. (Final) Hindi Examination

आधुनिक हिन्दी कविता और गीत–परम्परा

Paper - MAHD-08

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र तीन खण्डों अ, ब और स खण्ड में विभाजित है। खण्ड 'अ' अति लघुत्तरात्मक, खण्ड 'ब' लघुत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित है।

(खण्ड – अ) **8 × 2 = 16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) (i) प्रयोगवाद के पश्चात हिन्दी कविता के महत्त्वपूर्ण काव्यान्दोलनों का नामोल्लेख कीजिए।

(ii) बालस्वरूप राही के गीतों की विषय वस्तु क्या है?

(iii) 'भूल गलती' कविता के रचनाकार का नाम बतलाइये।

(iv) 'कुआनो नदी' से क्या तात्पर्य है?

(v) नंदकिशोर आचार्य की दो कविताओं का नामोल्लेख करें।

(vi) 'महाप्रस्थान' की मूल संवेदना क्या है?

(vii) कनुप्रिया में 'कनुप्रिया' किसे कहा गया है?

(viii) भवानीप्रसाद मिश्र की दो गीत–रचनाओं के नाम लिखिए।

(खण्ड – ब) **$4 \times 8 = 32$**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

में ब्रह्मराक्षस का सजल–उर शिष्य होना चाहता
जिससे कि उसका वह अधूरा कार्य
उसकी वेदना का स्रोत
संगत, पूर्ण निष्कर्षों तलक
पहुँचा सकूँ।

3) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

नाखून दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं
और जमीन उसी अनुपात से बंजर होती जा रही है
और नदी हर दिल में उसी रफ्तार से शांत
हर विवशता का उपहास सा करती।
अभी एक डांगर बहता हुआ निकल गया
अभी एक आदमी बहता हुआ चला जायेगा
जिसकी लाश पर कौए बैठे होंगे
जिन्हें में अक्सर दिल्ली की इन सड़कों पर
उड़ता हुआ देखता हूँ
शायद ये हंस हों।

4) नई कविता की प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए।

5) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

क्या तुम्हें अब भी लगती है?
अर्जुन ! इस वैचारिक चक्रव्यूह में
तुम व्यक्ति के
संकल्प और पुरुषार्थ तक ही
क्यों रुक जाते हो !
जिज्ञासा के केंद्र में
जो अनाम
विचारधारा व्यक्ति है
जिसका कोई इतिहास नहीं लिखा जाता
बल्कि जिसकी देह को छील कर ही
हम इतिहास लिखते आये हैं
उसके अर्थ को जानने की चेष्टा की है पार्थ ?

6) 'आधुनिक हिन्दी कविता में मुक्तिबोध का स्थान निर्धारित कीजिए।

7) कवि अशोक वाजपेयी की काव्यगत प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

8) गोपालदास नीरज के गीतों में विद्यमान संवेदना के विविध पक्षों का उल्लेख कीजिए।

9) नंदकिशोर आचार्य की कविताओं में नव अध्यात्म झिलमिलाता है। कैसे?

(खण्ड – स) **2 × 16 = 32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) 'महाप्रस्थान' काव्य की संवेदना और शिल्पगत विशेषताएँ लिखिए।

11) वीरेन्द्र मिश्र के गीतों का वैशिष्ट्य बतलाइये।

12) धर्मवीर भारती कृत 'कनुप्रिया' की मूल संवेदना प्रगट कीजिए।

13) पाठ्यक्रम में निर्धारित कविताओं के आधार पर सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की 'कुआनो नदी', 'सौंदर्य बोध' तथा 'यहीं कहीं एक कच्ची सड़क थी' कविताओं की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।